Title: Need to provide additional financial assistance by the Centre for the development of rivers and Indira Gandhi Canal Project.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मुझे छोटा सा निवेदन करना है, राजस्थान की सारी नदियां, तालाब और कुंए भी सूख गए हैं। मनुय तथा जानवरों के लिए पीने का पानी नहीं है। जयपुर शहर में रामगढ़ झील सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण थी, जहां से जयपुर शहर को पीने के लिए पानी मिलता था, वह भी सूख गई है। मावठा, जलमहल और तालकटोरा भी सूख गये है। राजस्थान को केवल एक प्रतिशत हिन्दुस्तान की नदियों का जल मिलता है, इसलिए पानी की बहुत बड़ी समस्या है। इस समस्या को हल करने के लिए राजस्थान को अधिक पैसा मिले, यही मेरी आपसे प्रार्थना है।

* Not Recorded

महोदय, राजस्थान नहर को पूरा करने के लिए 60 करोड़ रुपए प्रतिर्वा मिलते थे। भारत और पाकिस्तान के बीच में यह बहुत महत्वपूर्ण नहर है। भारत सरकार राजस्थान सरकार को इस नहर को पूरा करने के लिए 60 करोड़ रुपए का अनुदान देती थी, वह देना भी बंद कर दिया। प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि पानी को महत्ता देंगे, इसलिए मेरा निवेदन है कि राजस्थान नहर को पूरा करने के लिए 60 करोड़ रुपए की सहायता पुन: चालू करें। राजस्थान के पेयजल की समस्या को पूरा करने के लिए प्रथम किश्त के रूप में सौ करोड़ रुपए दिए जाएं और इंदिरा गांधी नहर के लिए 60 करोड़ रुपए देने, जो बंद कर दिए गए हैं, उसे पुन: चालू करें तथा इंदिरा गांधी नहर सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अंतर्गत इस परियोजना को पूरा करने के लिए पूर्व में जो 60 करोड़ रुपए प्रतिर्वा दिया जाता था, उसे चालू करें। धन्यवाद।